प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के लिए देशभर में समर्थन की लहर तमिलनाडु से शुरू हो गई है। उन्होंने कन्याकुमारी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए 1991 की अपनी कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की पहचान के प्रतीक के रूप में सेंगोल को संसद में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने 130 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं लागू की हैं।

****

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन आज सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत पैतृक गांव झिलिंगगोड़ा पहुंचे। उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। यहां उन्होंने आदिवासी पारंपरिक परिधान धारण कर प्रकृति पर्व बाहा बोंगा में पूजा–अर्चना की। साथ ही करोड़ों की लागत से बने नवनिर्मित जाहेरस्थान का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति पर्व बाहा आदिवासी परंपरा और संस्कृति का परिचायक है। उन्होंने राज्यवासियों को बाहा पर्व की शुभकामनाएं दी।

****

उद्योग विभाग, श्रम नियोजन और कौशल विभाग की ओर से रांची में झारखंड कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। उन्होंने इंडिया स्किल 2023–24 में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया।

****

प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को 4 अप्रैल और उनके भाई अंकित साव को 5 अप्रैल को तलब किया है। बता दें कि ईडी ने कथित अवैध रेत खनन, जमीन कब्जाने और जबरन वसूली के मामले में 12 मार्च को अंबा प्रसाद के आवास और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की थी।

****

चतरा जिले में मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची के साथ ही बूथों की संख्या भी निर्धारित कर दी गई है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में एक हजार आठ सौ निन्यानबे बूथ बनाए गए हैं। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी मतदान केंदों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध है। बूथों के निरीक्षण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। प्रत्येक बूथ पर चुनाव करने के लिए 4 कर्मी लगाए जायेंगे।

****

दुमका जिले में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्विप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत दुमका के डीसी चौक से बाइक रैली निकाली गई। रैली रसिकपुर और टावर चौक से होती हुई वापस डीसी चौक पर पहुंची। स्वीप की नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता प्रांजल ढांडा ने दुमका में है दम वोट करेंगे हम के नारे के साथ शत–प्रतिशत मतदान करने और लोगों से बढ़चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की।

****

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना मास्टर प्लान के जरिए चतरा जिले को सड़क और रेल कनेक्टिविटी से जोड़ कर अलग पहचान दी जा रही है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

****

सिमडेगा में जिला प्रशासन और नगर परिषद की ओर से शहर में समाहरणालय के नजदीक एनएच 143 के साथ ही कई अन्य सड़कों के सोलर लाइट लगाए जाने के बाद लोगों को बड़ी सुविधा मिली है। लोगों ने बताया कि समाहरणालय और शहर के अन्य सड़कों पर रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से पहले रात में काफी परेशानी होती थी। वहीं भाजपा के अनुसूचित जाति, जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष बसंत प्रधान ने कहा कि सिमडेगा को आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल करने से पहले बिजली की स्थिति बेहद दयनीय थी। अब बिजली की स्थिति में सुधार आया है। वहीं सड़कों में भी सोलर लाइट से प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है।

*********समाप्त************